eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

**पत्रांक** 5209/ पेपर कटिंग / 193 दिनांक 17.07.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "विधायक ने जलापूर्ति की जानकारी ली" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक– 15.07.2026 को प्रकाशित शीर्षक ''विधायक ने जलापूर्ति की जानकारी ली'' के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

## समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं दिनांक–15.07.2026 | विधायक ने जलापूर्ति की जानकारी ली | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड नियामताबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स वी0एस0ए0आई0पी0पी0एल0–एस0एम0सी0 जे0वी0 के योजनाऐं बरछा, गंगेहरा एवं बौरी पर दिनांक 13.07.2026 को माननीय विधायक, मुगलसराय विधानसभा, जनपद चंदौली श्री रमेश जायसवाल जी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आयोजित "जलापूर्ति जनसंवाद कार्यक्रम" मे प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक जी द्वारा ग्रामीणों से संवाद करते हुए बरछा, गंगेहरा एवं बौरी ग्रामीण पेयजल योजना एवं मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र मे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध मे जानकारी दी गई। बरछा ग्रामीण पेयजल योजना की लागत रुपये 332 लाख है, जिससे बरछा, एवं तलपुरा सहित कुल 02 राजस्व ग्राम आच्छादित हैं। योजना मे 250 के0एल0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, नलकूप, पम्पिंग प्लांट, 28 किलो0वॉट सोलर प्लांट, डी0जी0 सेट, पम्प हाउस तथा लगभग 15.367 किमी0 वितरण पाइपलाइन का निर्माण किया गया है। योजना के अन्तर्गत 488 लक्षित परिवारों के सापेक्ष 651 परिवारों को क्रियाशील नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं, गंगेहारा ग्रामीण पेयजल योजना की लागत रुपये 342 लाख है, जिससे गंगेहारा राजस्व ग्राम आच्छादित हैं। योजना मे 250 के0एल0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, नलकूप, पम्पिंग प्लांट, 21 किलो0वॉट सोलर प्लांट, डी0जी0 सेट, पम्प हाउस तथा लगभग 13.881 किमी0 वितरण पाइपलाइन का निर्माण किया गया है। योजना के अन्तर्गत 619 लक्षित परिवारों के सापेक्ष 564 परिवारों को क्रियाशील नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं एवं बौउरी ग्रामीण पेयजल योजना की लागत रुपये 515 लाख है, जिससे बौउरी एवं बाराडीह कुल 02 राजस्व ग्राम आच्छादित हैं। योजना मे 400 के0एल0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, नलकूप, पम्पिंग प्लांट, 49.05 किलो0वॉट सोलर प्लांट, डी0जी0 सेट, पम्प हाउस तथा लगभग 9.803 किमी0 वितरण पाइपलाइन का निर्माण किया गया है। योजना के अन्तर्गत 896 लक्षित परिवारों के सापेक्ष 675 परिवारों को क्रियाशील नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं तथा वर्तमान मे योजना से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। माननीय विधायक जी ने ग्रामीणों को बताया कि योजना से उपलब्ध कराया जा रहा पेयजल स्वच्छ, सुरक्षित एवं क्लोरीनीकृत है। उन्होंने ग्रामीणों से नल जल का नियमित उपयोग करने, पेयजल की बर्बादी रोकने तथा जल संरक्षण मे सक्रिय सहभागिता करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक जी द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विभाग को धन्यवाद दिया तथा मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र की अवशेष निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं को निर्धारित समय–सीमा मे पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान बरछा सहित निकटवर्ती ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। विभाग की ओर से अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चंदौली, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा डी0पी0एम0यू0, टी0पी0आई0 एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। | – |

अधिशासी अभियन्ता





DEO PS SWSM CHANDAULI





DEO PS SWSM CHANDAULI

...का स्थलीय
...श :जिले में

...ान



...रक दिया जा
...आरोप है कि
...र यहां उर्वरक
...। किसानों ने
...की शिकायत
...ओ कापरेटिव
...कि समिति पर
...ाहिए।

...की समस्या...
प्रमुख नालों और ड्रेनों की सिल्ट सफाई
तत्काल पूरी कराई जाए।

15-7-21 हिन्दुस्तान नं॰ 4

# विधायक ने जलापूर्ति की जानकारी ली

**पीडीडीयू नगर।** मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन हर घर जल नल योजना की जानकारी लेने स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ ग्राम सभा बौरी, गंगेहरा, भरछा स्थित ओवरहेड टैंक का निरीक्षण किया साथ ही उपस्थित ग्रामीणों से समस्याएं सुनकर निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक ने कहा कि पानी के अंदर मानक के अनुरूप क्लोरिंग की मात्रा हर हाल में होनी चाहिए, जिससे लोगों को स्वस्थ पानी प्राप्त हो सके। कहा हर हाल में केंद्र सरकार की योजना को गांव-गांव में लागू करने के लिए जवाब देही होनी चाहिए।

...की सफाई क...

## भारतीय...

सकलडीहा। ...
चुनाव आगामी...
प्रक्रिया होगा।...
समय निर्धारित...
चार बजे परिण...
वैध और साधा...

## अधिशा...

नियामताबाद।...
लिए मूसाखाड़...
अभियंता रवि...
बुधवार रजवाह...
विभाग की ओर...
अधिक जगहों...

## निर्माणा...

नौगढ़। मुख्य...
के मझगावां गा...
उन्होंने निर्माण...
अधिकारियों क...
कराने का सख...
आवास गुणवत्त...

## ...ात बंद न होने से कर्मचा...